ब्लू फ्लैग समुद्री तटों के लिये तटीय नियमन क्षेत्र नियमों में ढील

प्रीलिम्स के लिये :

CRZ मानदंड,परिस्थितिकी पर्यटन

मेन्स के लिये :

ब्लू फ्लैग प्रमाणन के बारे में

चर्चा में क्यों ?

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (Ministry of Environment, Forest and Climate Change- MoEFCC) ने तटीय विनियिमन क्षेत्र (Coastal Regulation Zone-CRZ) संबंधी उन नियमों में कुछ ढील दी है जो समुद्र तटों के पास निर्माण को प्रतिबंधित करते हैं।

अन्य बिंदु:

- तटीय विनियिमन क्षेत्र में संशोधन से राज्यों को बुनियादी ढाँचे के निर्माण में सहायता मिलेगी तथा वे ब्लू फ्लैग प्रमाणन प्राप्त करने में सक्षम हो सकेंगे।
- वर्ष 2019 में MoEFCC द्वारा 'ब्लू फ्लैग' प्रमाण-पत्र प्राप्ति के लिये निम्नलिखित 13 समुद्र तटों को प्रस्तावित किया गया था-
  - घोघाला समुद्र तट (दीव) (Ghoghala beach-Diu)
  - शिवराजपुर समुद्र तट (गुजरात) (Shivrajpur beach-Gujarat)
  - भोगवे समुद्र तट (महाराष्ट्र) (Bhogave beach-Maharashtra)
  - पदुबिद्री और कासरकोड समुद्र तट (कर्नाटक) (Padubidri and Kasarkod beaches-Karnataka)
  - कप्पड़ तट (केरल) (Kappad beach-Kerala)
  - कोवलम समुद्र तट (तमिलनाडु) (Kovalam beach-Tamil Nadu)
  - ईडन समुद्र तट (पुदुचेरी) (Eden beach-Puducherry)
  - रुशिकोंडा समुद्र तट (आंध्र प्रदेश) (Rushikonda beach-Andhra Pradesh)
  - मीरामार समुद्र तट (गोवा) (Miramar beach-Goa)
  - गोल्डन समुद्र तट (ओडिशा) (Golden beach-Odisha)
  - राधानगर समुद्र तट (अंडमान और निकोबार द्वीप समूह) (Radhanagar beach-Andaman & Nicobar Islands)
  - बांगरम समुद्र तट (लक्षद्वीप) (Bangaram beach-Lakshadweep).

//



ब्लू फ्लैग प्रमाणीकरण:

- ब्लू फ्लैग प्रमाणीकरण के लयि समुद्र तटों पर कुछ बुनियादी ढाँचे विकसित करने की आवश्यकता होती है जैसे - पोर्टेबल टॉयलेट ब्लॉक (Portable Toilet Blocks), ग्रे वाटर ट्रीटमेंट प्लांट (Grey Water Treatment Plants), सोलर पावर प्लांट (Solar Power Plant), बैठने की सुविधा, सीसीटीवी सर्वलिांस (CCTV Surveillance) इत्यादि।
- हालाँकि भारत के CRZ कानून समुद्र तटों और द्वीपों पर इस तरह के बुनियादी ढाँचे के निर्माण की अनुमति नहीं देता।
- नया आदेश हाई टाइड लाइन (High Tide Line-HTL) से 10 मीटर की न्यूनतम दूरी पर कुछ निर्माण कार्य की अनुमति देता है।

हाई टाइड लाइन:

हाई टाइड लाइन का अर्थ भूमि पर उस रेखा से होता है जिसमे वसंत ज्वार (Spring Tide) के दौरान सबसे अधिक पानी पहुँचता है।

ब्लू फ्लैग' समुद्र तट:

- 'ब्लू फ्लैग' समुद्र तट, एक-इको-टूरज्मि मॉडल है जो समुद्र तटों को स्वच्छ रखकर पर्यटकों के स्नान के लयि स्वच्छ पानी, सुरक्षित एवं स्वस्थ वातावरण क्षेत्र तथा सतत् विकास के रूप में चिह्नित करता है।

पारिस्थितिकी पर्यटन:

- इसे फ्राँस में वर्ष 1985 में शुरू कयि गया और वर्ष 1987 से यूरोप में लागू कयि गया।
- यूरोप के बाहर इसे वर्ष 2001 में लागू कयि गया।
- ब्लू फ्लैग सर्टफिकिशन को डेनमार्क स्थति फाउंडेशन फॉर एनवायरनमेंट एजुकेशन द्वारा मान्यता प्राप्त है।
- जापान और दक्षिण कोरिया, दक्षिण और दक्षिण पूर्वी एशिया के मात्र दो देश हैं जिनके पास ब्लू फ्लैग समुद्र तट हैं।
- 566 ऐसे समुद्र तटों के साथ स्पेन शीर्ष पर है, ग्रीस और फ्राँस के पास क्रमशः 515 और 395 ब्लू फ्लैग समुद्र तट हैं।

स्रोत : द हिंदू

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/coastal-regulation-zone-rules-relaxed-for-blue-flag-beaches